उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3

संख्या-364/2026/365के-2/22-3-2026-17(459)25

लखनऊ : दिनांक : 05 नवम्बर, 2026

शुद्धि-पत्र

कारागार मुख्यालय के पत्र संख्या-15042/प्रोबेशन-3-फार्म ए/(एम 20-03-2025), दिनांक 28-03-2025 से संलग्न जेल रिपोर्ट दिनांक 17-01-2025 के अनुसार जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी जयराम (बंदी संख्या-433/18) पुत्र श्री रोबिन, निवासी जनपद-काकड़ाझाड (आसाम राज्य) को फार्म-ए/लाईसेन्स के आधार पर कारागार से मुक्त किये जाने विषयक कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-291/2026/876के-2/22-3-2025-17(459)25, दिनांक 22-09-2026 के सम्बोधन एवं उससे संलग्न फार्म-घ (डी) की 7वीं पंक्ति में आदर्श कारागार, लखनऊ अंकित हो गया है।

2- उक्त के क्रम में अधीक्षक (मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायेंए उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-46058/प्रो0-3/रिहाई पत्रावली (वाल्यूम-2)-2026, दिनांक 03-11-2026 द्वारा प्रश्नगत बंदी जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरूद्ध होने के कारण बन्दी की समयपूर्व रिहाई विषयक शासनादेश संख्या-291/2026/876के-2/22-3-2025-17(459)25, दिनांक 22-09-2026 के सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3- तदनुसार उक्त शासनादेश संख्या-291/2026/876के-2/22-3-2025-17(459)25, दिनांक 22-09-2026 के सम्बोधन एवं उससे संलग्न फार्म-घ (डी) की 7वीं पंक्ति में अंकित आदर्श कारागार, लखनऊ के स्थान पर जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर पढ़ा जाय।

4- उक्त शासनादेश दिनांक 22-09-2026 को उपरोक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय। शेष अंकित तथ्य यथावत रहेंगे।

सूर्य प्रकाश मिश्र
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ को कारागार मुख्यालय के उपरिसंदर्भित पत्र दिनांक 03-11-2026 के संदर्भ में।
2. जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस अधीक्षक, काकड़ाझाड (आसाम राज्य)।
3. नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में पारित आदेश दिनांक 10.09.2024 के सन्दर्भ में।
4. वरिष्ठ अधीक्षक, आदर्श कारागार, लखनऊ।
5- अधीक्षक, जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर।
6. निजी सचिव, मा0 मंत्री/मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
कमलेश कुमार
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in